






## खबर संक्षेप

### अस्पताल के मेन गेट पर खड़ी दोपहिया वाहनों पर कार्रवाई

**पत्थलगांव।** अस्पताल के मेन गेट के सामने यातायात बाधित करती खड़ी दोपहिया वाहनों पर पुलिस ने कार्रवाई की है। यह कार्रवाई एसपी शशिमोहन सिंह के निर्देश पर की गई है। पुलिस अधीक्षक के पत्थलगांव प्रवास के दौरान पत्रकारों द्वारा अस्पताल के मुख्य गेट पर दुपहिया वाहन खड़ी कर लगातार यातायात बाधित करने के संबंध में चर्चा की गई थी। इसके बाद मंगलवार को पत्थलगांव यातायात पुलिस द्वारा मोटर साइकिल पर कार्रवाई की गई, वहीं अस्पताल के पास 10 से 12 बिना नंबर की मोटरसाइकिलें खड़ी थी जिस पर भी यातायात पुलिस में कार्रवाई की। इस कार्रवाई के बाद दोपहिया चालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

### 17 मई को होने वाली प्रकरणों की सुनवाई बढ़ाई गई

**जशपुरनगर।** न्यायालय आयुक्त सरगुजा संभाग,अम्बिकापुर लिंक कोर्ट न्यायालय जशपुर में 17 मई 2024 को आयोजित नियत प्रकरणों की सुनवाई अपरिहार्य कारणों से बढ़ा दी गई है। उपरोक्त प्रकरणों की सुनवाई आगामी पेशी तिथि 24 मई को पूर्व की भाँति लिंक कोर्ट न्यायालय जशपुर में की जाएगी।

### परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित कराने की मांग

**जशपुर।** छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा जशपुर अध्यक्ष सोहन राम भगत ने कलेक्टर जशपुर को पत्र लिखकर संयुक्त परामर्शदात्री,व विभागीय परामर्शदात्री की बैठक आयोजित करवाने का अनुरोध किया ताकि जिले के अधिकारी कर्मचारियों की स्थानीय समस्याओं का समाधान तत्काल किया जा सके। इसी क्रम मे सोहन राम भगत ने बताया कि जिले के अन्य विकास खंड़ो मे भी संघ के पदाधिकारियों के गठन की कार्यवाही संचालित है शीध्र जशपुर जिले के सभी विकास खंडों मे पदाधिकारी चयनित किए जाएंगे।

कृष्ण की बाल लीलाओं का किया गया वर्णन

# भगवान के चरणों में सदा सुखः आचार्य अनिरुद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सन्ना रोड में पाठक परिवार द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। कथा वाचक आचार्य अनिरुद्ध शिवानंद जी महाराज ने कहा कि सदा सुख केवल भगवान के चरणों में है। भगवान के सम्मुख और उनके शरणागत होने को ही भागवत कथा है।

भागवत कथा से कल्याणकारी और कोई भी साधन नहीं है इसलिए व्यस्त जीवन से समय निकालकर कथा को आवश्यक महत्व देना चाहिए। भागवत कथा से बडा कोई सत्य नहीं है। भागवत कथा अमृत है इसके श्रवण करने से मनुष्य अमर हो जाता है। यह एक ऐसी औषधि है जिससे जन्म-मरण का रोग मिट जाता है। भागवत कथा को पांचवां वेद कहा गया है जिसे पढ सकते हैं और सुन सकते हैं। कृष्ण हिन्दू धर्म में विष्णु के अवतार हैं। सनातन धर्म के अनुसार भगवान विष्णु सर्वपापहारी पवित्र और समस्त मनुष्यों को भोग तथा मोक्ष प्रदान करने वाले प्रमुख देवता हैं। जब-जब इस पृथ्वी पर असुर एवं राक्षसों के पापों का आतंक व्याप्त होता है तब-तब भगवान विष्णु किसी किसी रूप में अवतरित होकर पृथ्वी के भार को कम करते हैं। वैसे तो भगवान विष्णु ने अभी तक तेईस अवतारों को धारण किया। इन अवतारों में उनके सबसे महत्वपूर्ण अवतार श्रीराम और श्रीकृष्ण के ही माने जाते हैं। श्री कृष्ण का जन्म क्षत्रिय कुल में राजा यदु कुल के वंश में हुआ था।

कथा के दौरान कथा वाचक आचार्य अनिरुद्ध शिवानंद महाराज ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन कर धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की महत्ता पर प्रकाश डाला।



कथा स्थल पर उपस्थित श्रद्धालु।

### माता पिता को करते थे श्री कृष्ण प्रणाम

आचार्य अनिरुद्ध शिवानंद ने भागवत कथा में चौथे दिन श्री कृष्ण जन्मोत्सव वर्णन किया। जिसमें उन्होंने श्री कृष्ण से संस्कार की सीख लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण स्वयं जानते थे कि वह परमात्मा हैं उसके बाद भी वह अपने माता पिता के चरणों को प्रणाम करने में कभी संकोच नहीं करते थे। यह सीख में भगवान श्रीकृष्ण से सभी को लेनी चाहिए। आज की युवा पीढ़ी धन कमाने में लगी हुई है लेकिन अपनी कुल धर्म और मर्यादा का पालन बहुत कम कर रहे हैं।

### संतो के आगमन पर खड़े हो

कथा के दौरान आचार्य अनिरूद्ध जी ने कहा कि जब भी आपके सामने संत,आचार्य,आपके गुरु आपके सामने आए तो आप उनके सम्मान में अपने स्थान से खड़े हो जाए। उन्होंने कहा कि हमे स्कूलों में भी यह बात बताई गई है कि आप किसी की भी सम्मान में खड़े होना चाहिए, यह हमारे संस्कार को दर्शाता है।

# 24 हजार की कफ सिरफ के साथ आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

मुखबिर से सूचना मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी के पास से 24 हजार रूपए के कफ सिरफ के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसपी के निर्देश पर नशे के विरूध्द चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई है।

मुखबिर ने पुलिस को सूचना दी थी,कि लुड़ेग निवासी हर्ष अग्रवाल पिता सुरेंद्र अग्रवाल कफ सिरप का व्यवसाय करता है व उसके पास बेचने के लिए बड़ी मात्रा में कफ सिरप है।

इस सूचना के बाद पत्थलगांव एसडीओपी धुर्वेश जायसवाल, थानेदार भानु प्रताप चंद्राकर द्वारा टीम बनाते हुए सूचना के आधार पर लुडेग निवासी आरोपी को झोले में भरकर कफ सिरप ले जाते हुए रंगे हाथों पकड़ा। पत्थलगांव थानेदार भानु चंद्राकर ने बताया कि मौके से कफ सिरप जिसकी कीमत 24हजार रूपए बताई गई है,इसमें एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह से जब बात की गई तो उन्होंने कहा कि जशपुर जिले में नशे के खिलाफ अभियान छेड़ा गया है। नशे की लत से युवा को बचाना है। उन्होंने अपील की है,कि यदि नशे के बारे में कोई भी सूचना मिलती है तो पुलिस से साझा कर नशे के अभियान में सहयोग प्रदान करें सूचना देने वालों का नाम गुप्त रखा जाएगा। ड्रग इंस्पेक्टर मनीष कंवर से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा कफ सिरप का वेरीफाई किया जा रहा है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# चोरी के आरोपी ने किया न्यायालय में सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

आइडेंटीफाई प्रालि के सन्ना रोड़ स्थित कार्यालय में 4 लाख 89 हजार 776 रुपए पार्सल का समान और कई मोबाईल चोरी करने वाले गिरोह का एक सदस्य मदन यादव बनकोम्बो निवासी ने न्यायालय में सरेंडर किया है।

जानकारी के मुताबिक कुछ दिनों पहले सन्ना रोड स्थित आइडेंटिफाई प्लस प्रलि में चोरी हुई थी,चोरी में गिरोह के 9 लोग शामिल थे। गिरोह में 4 नाबालिग व पांच बालिग शामिल थे। चारों नाबालिगों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया था। न्यायालय ने चारों नाबालिगों को जमानत दे दी थी। पुलिस ने तीन और चोरों को गिरफ्तार कर लिया था दो चोर फरार थे जिसमे एक आरोपी बनकॉम्बो निवासी मदन यादव ने न्यायालय में सरेंडर कर दिया है। मदन यादव को पुलिस ने थाने लाकर चालान पेश कर आगे की कार्यवाही की तैयारी कर रही है। इन सभी आरोपियों में एक आरोपी अभी भी फरार है जिसकी तलाश जारी है।

### फरार चल रहे आरोपी ने किया सरेंडर

कुछ दिनों पहले आइडेंटिफाई प्लस में हुई चोरी के 9 आरोपियों में से चार नाबालिक के साथ और तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया था। दो फरार आरोपियों में से एक मदन यादव ने सरेंडर कर दिया है। जिसे थाने लाकर चालान पेश कर आगे की कार्यवाहीं की जा रही है। और एक फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

रवि शंकर तिवारी
टीआई थाना कोतवाली जशपुर

### स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल प्रतापपुर में पात्र अपात्र सूची जारी

**प्रतापपुर।** प्राचार्य केबी यादव ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2024 - 25 हेतु कक्षा पहली से 9 वीं तक के लिए पात्र अपात्र सूची जारी कर दी गई है।

# क्रेडा सीईओ ने विभिन्न गांवों में स्थापित संयंत्रों का किया निरीक्षण



मौके पर निरीक्षण करते अधिकारी।

**खास बात**
- हितग्राहियों को शत-प्रतिशत लाभ मिले यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्य कार्यपालन अधिकारी क्रेडा राजेश सिंह राणा ने जशपुर जिले के ग्राम रायकेरा विकासखंड बगीचा में जल जीवन मिशन-01 अंतर्गत 12 मीटर सोलर ड्यूल पंप का निरीक्षण किया। उन्होंने संयंत्र कार्यशील पाया एवं गुणवत्ता भी चेक किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से चर्चा की। लोगों द्वारा चर्चा पश्चात अवगत कराया गया कि पीएचई द्वारा पाईप लाईन नहीं किये जाने के कारण पानी की सुविधा घर तक प्राप्त नहीं हो रही है। जिस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी क्रेडा राजेश सिंह राणा द्वारा क्रेडा को पीएचई से समन्वय कर यथाशीघ्र ही पाईप लाईन कराये जाने हेतु निर्देशित किया।

उन्होंने विभागीय अधिकारियों को कहा कि ऐसे स्थलों की जानकारी यथाशीघ्र उपलब्ध कराये जहां सोलर ड्यूल पंप कार्यशील है। दोनों विभाग बेहतर समन्वय स्थापित कर हितग्राहियों को अधिक से अधिक लाभ मिले सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### टोल फ्री स्टीकर क्रेडा के मापदंड अनुसार नहीं

उन्होंने ग्राम भीतघरा विकासखंड बगीचा के हितग्राही मुकूलता किस्पोट्टा के यहां स्थापित सौर सुजला योजना 8 अंतर्गत मेसर्स आरबीपी एनर्जी द्वारा स्थापित सोलर पंप का भी निरीक्षण किया जहां पाया गया कि ईकाई द्वारा टोल फ्री स्टीकर क्रेडा के मापदंड अनुसार नहीं पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की गई साथ ही भविष्य में उपयोगिता के आधार पर सही हितग्राही का चयन कर संयंत्र स्थापना हेतु निर्देशित किया एवं गुणवत्ता पूर्वक कार्य कराये जाने हेतु निर्देशित किया । ग्राम भीतघरा में ही हितग्राही सतेश्वर भगत के यहां सौर सुजला फेस-5 में स्थापित सोलर पंप का निरीक्षण किया गया। संयंत्र कार्यशील पाया गया एवं हितग्राही द्वारा लगाये गये टमाटर, बरबट्टी, शकरकंद का अवलोकन कराया गया। राजेश सिंह राणा द्वारा किसान से लाभ के बारे में सविस्तार चर्चा की गई जिस पर हितग्राही द्वारा वरदान साबित होना बताया गया। ग्राम शाहीडांड़ में सोलर हाई मास्ट संयंत्र का निरीक्षण किया एवं दुकानदारी के कार्यशीलता की जानकारी ली जिस पर उनके द्वारा रात भर चालू रहता है। हितग्राहियों ने बताया द्वारा बताया गया एवं बाजार दिवस में सभी सब्जी इत्यादि बेचने से लाभ प्राप्त होता है। सीईओ क्रेडा ने ऊर्जा शिक्षा पार्क स्थापना हेतु ग्राम पंडरीपानी विकासखंड कुनकुरी में स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राजस्व एवं वन विभाग का अमला मौजूद था। स्थल की जानकारी विभागों द्वारा सविस्तार ली गई। हर्राडांड़ में हितग्राही करनौल मिंज के यहां स्थापित सौर सुजला योजनांतर्गत अंतर्गत सोलर पंप का निरीक्षण किया गया एवं चोरी हुए कंट्रोलर हेतु शीघ्र ही क्रेडा के अधिकारियों को कम्पनी से संपर्क कर 48 घंटे में पंप को कार्यशील किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। चरईडांड़ (मुस्लिमपारा) विकासखंड दुलदुला में जल जीवन मिशन-2 अंतर्गत स्थापित सोलर ड्यूल पंप का निरीक्षण किया गया। उन्होंने क्रेडा के जिला अधिकारी को पीएचई से समन्वय कर पाईप लाईन हेतु निर्देशित किया है। बालाछापर विकासखण्ड जशपुर में सोलर हाई मास्ट संयंत्र का निरीक्षण किया एवं स्थानीय लोगों से कार्यशीलता की जानकारी ली गई। इसी क्रम में ग्राम जरिया, बघिमा, स्टेडियम जशपुर में सोलर हाई मास्ट संयंत्र का निरीक्षण कर (रात्रि में 11.30 बजे) कार्यशीलता की जानकारी एवं गुणवत्ता को भी चेक किया गया।






# जल संरक्षण के लिए तालाबों नदियों व डैम का गहरीकरण

- ग्रामीण होंगे लाभान्वित

**जशपुरनगर।** जिले में ग्रीष्मकालीन में जल संरक्षण के लिए काम किया जा रहा है। पानी का स्टॉक कर जल स्त्रोत बढ़ाने के उद्देश्य से नगर पंचायत पत्थलगांव सहित जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में विशेष कर पहाड़ी क्षेत्रों में जल संरक्षण के लिए तालाबों, नदियों ,डैम का गहरीकरण किया जा रहा हैं। इसी क्रम में पत्थलगांव में किंकीला इंटेक वेल का गहरीकरण किया गया। वही तालाबों का भी गहरीकरण किया जा रहा है। नगर पंचायत पत्थलगांव आगामी गर्मियों में जल की कमी की समस्या से निपटने के लिए तत्काल कदम उठा जा रहा है। नगर पंचायत क्षेत्र के तालाबों, विशेष रूप से किनकिला इंटेक, का गहरीकरण कार्य ज़ोरों पर है। गर्मी के मौसम में जल संरक्षण अत्यंत ⏭ शेष पेज 4 पर



## खबर संक्षेप

### श्री अग्रसेन गुरुकुल में आरती रही प्रथम



**रजगामार।** श्री अग्रसेन गुरुकुल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रजगामार का बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। कला समूह के 8 छात्रों में से 4 प्रथम, 3 द्वितीय और 1 तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण, गणित समूह के 2 छात्रों में 1 प्रथम और 1 द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण, जीव विज्ञान समूह के 4 छात्रों में से 2 प्रथम और 2 द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान आरती आदित्य 77.6 प्रतिशत, द्वितीय मेघा धीरहे 75.02 प्रतिशत, तृतीय स्थान मौमिता बिश्वास 71.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। कक्षा दसवीं में कुल 16 में से 9 प्रथम 6 द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए और एक विद्यार्थी अनुत्तीर्ण हुआ। कक्षा दसवीं में प्रथम स्थान दीपिका मरावी 85 प्रतिशत द्वितीय, नेहा धीवर 81.66 प्रतिशत तथा तृतीय स्थान गिरिराज टंडन 80.66 प्रतिशत अंक अर्जित किये।

### छुरीकला क्षेत्र में पेयजल संकट गहराया, लोग परेशान

**कोरबा।** छुरीकला नगर क्षेत्र के चरमराई बिजली व्यवस्था से नगरवासियों के सामने पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है। एक बाल्टी पानी के लिए दूर से साइकिल में ढुलाई कर पानी लाना पड़ रहा है। पिछले चार दिन से मौसम में आये बदलाव से आंधी तूफान बारिश होने से नगर क्षेत्र के बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाने से नगर की पेयजल आपूर्ति ठप पड़ गई है। पानी के लिए लोगों को यहां-वहां भटकना पड़ रहा है। दूर से साइकिल व अनेक साधनों से पानी ढुलाई करना पड़ रहा है। वहीं वार्ड पार्षद द्वारा पानी व्यवस्था को लेकर कोई पहल नहीं की जा रही है। नगर पंचायत स्तर पर टैंकर के माध्यम से सभी वार्डों में पेयजल की आपूर्ति हो रही है जो ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रही है। दो तीन दिन में बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं की गई तो लोगों के सामने पानी की बहुत बड़ी संकट खड़ी हो जायेगी।

### भीषण गर्मी में पुलिस राहगीरों को पिला रही ठंडा पानी

**कोरबा।** भीषण गर्मी में कोरबा पुलिस का एक अनोखा प्रयास सामने आया है जहाँ आमजनों को तपती धूप शुद्ध शीतल जल पिलाने के साथ यातायात के नियमो के पालन की अपील की जा रही है। अक्सर देखा जाता है चौक चौराहा पर पुलिस के द्वारा वाहनों की जांच कर नियमों की अनदेखी करने वालों पर कार्रवाई करते हुए फाइन किया जाता है लेकिन कोरबा पुलिस के द्वारा इस भीषण गर्मी में वाहन चलाने वाले लोगों को रोका जा रहा था और सबसे पहले शीतल जल पिलाने के बाद यातायात नियमों का पालन करने की अपील किया जाने लगा। कोरबा पुलिस का यह प्रयास जहां एक और मानवता को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें भीषण गर्मी में पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा था वही अपनी जिम्मेदारियां को दृष्टिगत रखते हुए यातायात के नियमों के पालन को लेकर आम जनों से अपील किया जाना मानवता और कर्तव्य निर्वहन दोनों का उदाहरण है। कोरबा पुलिस के इस कार्य को लेकर आम जनों में पुलिस के प्रति आत्मीयता का भाव तो जुड़ा ही साथ ही अपने कर्तव्य को लेकर पुलिस की संजीदगी का एक उदाहरण भी समाज के बीच प्रस्तुत हुआ।

### यूटीएस ऑन मोबाइल एप की स्टेशनों में यात्रियों को मिल रही जानकारी

**कोरबा।** डिजिटल टिकटिंग मोड को प्रोत्साहित करने, सेल्फ टिकटिंग को बढ़ावा देने तथा यात्री कतारों की परेशानी का सामना किए बिना टिकट खरीद सकें, इसी उद्देश्य से रेलवे प्रशासन द्वारा घर बैठे अनारक्षित टिकट बुकिंग हेतु यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप की सुविधा प्रदान की गई है। यूटीएस ऐप आधुनिक टिकटिंग प्रणाली में एक बड़ी उपलब्धि है और भारतीय रेलवे पर अनारक्षित टिकटों पर यात्रा करने वाले यात्रियों के विशाल वर्ग के लिए एक वरदान जैसा है। इस एप को बिना लाइन लगाये घर बैठे सभी स्टेशनों का अनारक्षित टिकट की बुकिंग, मासिक सीजन टिकट का नवीनीकरण एवं प्लेटफार्म टिकट की बुकिंग हेतु विशेष रूप से तैयार किया गया है। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर यूटीएस ऑन मोबाइल एप में टिकट प्राप्त करने की बाहरी सीमा (50 किमी) जियो-फेंसिंग दूरी का प्रतिबंध समाप्त कर दिया गया है। वरि.मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अनुराग कुमार सिंह के मार्गदर्शन व सहायक वाणिज्य प्रबंधक श्री अनुपम दत्ता के नेत्रत्व में वाणिज्य विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

### 2 आरोपी पुलिस की हिरासत में, पूर्व में भी कर चुके है कई चोरी, लूट की वारदात

**कोरबा।** बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र निवासी धरम यादव उम्र 39 वर्ष पिता श्रीराम नारायण यादव ने जटगा थाना में शिकायत दर्ज कराई है कि 11 मई को धरम यादव अपनी ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी -04 एन0व्ही0 8357 मे चालक जावेद को बिजारी रायगढ़ से कोयला लोडकर जैतहरी पावर प्लांट म0प्र0 मे खाली करने भेजा था। जावेद मिस्त्री ने रात्रि लगभग 2 बजे धरम को करके बताया कि वह रायगढ़ से कोयला लोडकर जैतहरी पावर प्लाट जा रहा था कि ग्राम सिरकी बाम रोड में उक्त ट्रेलर को सफेद रंग की बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 12 बीसी 3788 में सवार तीन लोग रूकवाकर जावेद को ट्रेलर से नीचे उतार कर रात्रि 1.30 बजे अपने कब्जे में रखकर जान से मारने की धमकी देते हुए ट्रेलर वाहन का चाबी निकाल कर ट्रेलर के डीजल टंकी से लगभग 150 लीटर डीजल निकाले है तथा उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करते जेब में रखे 3 हजार रुपए नगदी को लूट लिए है।

ग्रामीणों को रोज अंधेरे में गुजारनी पड़ रही रात

# घुंचापुर के ग्रामीण पिछले 15 दिनों से कर रहे ट्रांसफार्मर मरम्मत का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बिगड़ा पड़ा ट्रांसफार्मर।

विद्युत कंपनी के अधिकारियों की लापरवाही की वजह से ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। ग्राम पंचायत घुंचापुर में पिछले 15 दिनों से ट्रांसफार्मर खराब पड़ा हुआ है जिसकी वजह से क्षेत्र अंधेरे में डूबा हुआ है। शिकायत के बाद भी ट्रांसफार्मर मरम्मत को लेकर कोताही बरती जा रही है जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर भीषण गर्मी में बिजली की आंखमिचौली से ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है।

**खास बात**

- ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की आंख मिचौली से ग्रामीण हलाकान

ऊर्जाधानी का दम भरने वाले कोरबा जिले में विद्युत व्यवस्था का आलम किसी से छिपा नहीं है। जिले सहित अन्य राज्यों को रौशन करने वाले जिले में ही बिजली का टोटा बना हुआ है। हल्की सी हवा चली नहीं कि बिजली गुल हो जाती है और घंटों तक लोगों को अंधेरे में रात गुजारना पड़ता है। शहरी क्षेत्रों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। छोटी सी तकनीकी खराबी के मरम्मत में लोगों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। विद्युत कंपनी के अफसरों की लापरवाही से ग्रामीण क्षेत्र में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई हैं। बिजली कटौती का कोई समय नहीं हैं। दिन में बिजली दर्जनों बार आती जाती हैं और मनमानी ढंग से विद्युत कटौती तो हो रही है, उस पर कभी कम वोल्टेज तो कभी अधिक वोल्टेज की समस्या से भी ग्रामीण जूझ रहे है और विद्युत उपकरण भी खराब हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त किसानों को भी उचित बिजली नहीं मिल पा रही हैं। जनपद पोड़ी-उपरोड़ा क्षेत्र ग्राम पंचायत घुंचापुर एवं अन्य मोहल्ले में लगा ट्रांसफार्मर बीते 15 दिनों से खराब पड़ा है। खराबी के चलते बिजली की मात्रा कभी कम तो कभी ज्यादा हुई जिससे लोगों के विद्युत उपकरण भी खराब हो गए। ट्रांसफार्मर खराब की सूचना मोहल्लेवासियों द्वारा विद्युत कंपनी को दी गई।

विद्युत कंपनी के द्वारा आज तक ट्रांसफार्मर को ठीक नहीं किया गया, जिससे मोहल्लेवासियों को मुसीबत झेलनी पड़ रही हैं। बिजली नहीं होने के कारण पानी की समस्या से भी लोग जूझ रहे हैं। पानी के लिए लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि हम बिजली बिल समय से जमा करते हैं उसके बावजूद आज 15 दिनों से अंधेरा छाया हुआ हैं। जो लोग बिजली बिल जमा नहीं करते उनका कनेक्शन बिजली विभाग द्वारा क्यों नहीं काटा जाता हैं। ऐसे में बिजली बिल जमा करने वाले लोगों में आक्रोश बना हुआ है क्योंकि बिजली बिल जमा करने के बावजूद भी बिजली नहीं मिल पा रही है। सबसे ज्यादा अनुसूचित जाति जनजाति के लोगों को बिजली नहीं मिलने से परेशानिया झेलनी पड़ रही है। विद्युत कंपनी द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा हैं। विद्युत कंपनी के अफसरों की लापरवाही के चलते 15 दिनों के बाद भी ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया जिससे वार्डवासियों की बिजली समस्या जस की तस बनी हुई हैं।

**सीएसईबी कालोनी में भी छाया रहा अंधेरा**

रविवार की रात आयी तकनीकी खराबी वजह से लोगों को बिजली गुल की समस्या का सामना करना पड़ा। बिना आंधी तूफान के बिजली गुल होने से लोग सब स्टेशन कार्यालय का चक्कर काटते रहे। रात 1 बजे से बिजली गुल हुई जिसके बाद लगभग सुबह 5 बजे बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी। भीषण गर्मी में रात को लोगों को बिजली गुल होने की वजह से रतजगा कर रात गुजारना पड़ा। कोसाबाड़ी स्थित सब स्टेशन कार्यालय में शिकायत करने वाले लोगों की भीड़ जुटी रही। अलसुबह बिजली आने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। लगातार हो रही बिजली कटौती से विद्युत कंपनी के आवासीय कालोनी में निवासरत बिजली कर्मी व परिजन भी हलाकान रहे।

# चैतुरगढ़ में मिली अनोखी प्रजाति की छिपकली



चैतुरगढ़ पहाड़ी में मिली छिपकली।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रकृति की खूबसूरती समेटे चैतुरगढ़ की मनोरम वादियों में छिपकली की एक ऐसी अनोखी प्रजाति मिली है, जिसका घर छत्तीसगढ़ से मीलों दूर दक्षिण भारत में है। हिल गीको नामक यह दुर्लभ प्रजाति कोरबा जिले में दूसरी बार सामने आई है। प्राणिशास्त्र और वन विज्ञान के नजरिए से यह अपने आपमें कोरबा की बायोडायवर्सिटी के लिए बड़ी बात है।

जिले का जंगल अनोखी वनस्पतियों और दुर्लभ वन्य प्राणियों से भरा पड़ा है जो समय-समय पर अचानक प्रकट होकर लोगों को चकित व अचंभित करते रहते हैं। एक बार फिर कुछ ऐसा ही जीव दिखा है। यहां छिपकली की एक दुर्लभ प्रजाति हिल गीको मिली है। छत्तीसगढ़ में छिपकाली की इस प्रजाति का मिलना अपने आप में अनोखा व महत्वपूर्ण है, जो क्षेत्र के जंगलों की जैव विविधता की समृद्धता दर्शाता है। भारत समेत विभिन्न एशियाई देशों में पाई जाने वाली छिपकली की यह प्रजाति दक्षिण भारतीय राज्यों तमिलनाडु, पुडुचेरी, कर्नाटक व महाराष्ट्र में निवास करती है। जीव विज्ञानियों का कहना है कि इस गीको की बाह्य अकारिकी विशेषताओं के विस्तृत परीक्षण व इसकी जांघ पर छोटे छिद्र सहगल के गीको प्रजाति को स्पष्ट रूप से अन्य दो से अलग करते हैं।

### पुलिस ने गुम इंसान को किया दस्तयाब

**कोरबा।** दो माह पूर्व 13 मार्च को थाना बांगो में प्रार्थी प्रमिला बाई पति कृपाल सिंह टेकाम उम्र 30 वर्ष निवासी सासिन थाना बांगो जिला कोरबा के द्वारा थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि इसके पति कृपाल सिंह टेकाम पिता गुरु दयाल सिंह टेकाम उम्र 34 वर्ष निवासी सासिन थाना बांगो 23 फ़रवरी को अपने घर में पत्नी से विवाद करके कहीं चला गया था। जिस पर से थाना बांगो में गुम इंसान क्र 8/24 क़ायम कर जांच में लिया गया। पुलिस द्वारा काफी खोजबीन के बाद पता चला कि कृपाल सिंह कमाने खाने के लिए हैदराबाद चला गया था, वहां एक मसाला फैक्ट्री में काम कर रहा था। जिसे 12 मई को दस्तयाब किया गया है।

# मकान में तराई के दौरान लगा करंट, ग्रामीण की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुटेलामुड़ा गांव में करंट की चपेट में आने से 31 वर्षीय ग्रामीण की मौत हो गई। आनन-फानन में उसे अस्पताल लाया गया लेकिन इसका कोई नतीजा नहीं निकला। कटघोरा पुलिस ने परिजनों की सूचना पर 174 सीआरपीसी के अंतर्गत मर्ग कायम किया है।

जिला मुख्यालय से 40 किलोमीटर दूर यह घटना हुई। शारदा पाल ने इस मामले को लेकर बताया कि कुटेलामुड़ा में कंवर परिवार के द्वारा मकान बनाया जा रहा है। पहले हिस्से की छत ढलाई के बाद यहां पानी की तराई की जा रही है। सोमवार की सुबह इस काम को शंकर सिंह कंवर पिता सकुर सिंह कर रहा था। छत के हिस्से के पास से ही विद्युत विभाग की सर्विस लाइन गई हुई है।

पानी डालने के दौरान शंकर सिंह का संपर्क खुले हुए केबल से हो गया। जिसके साथ ही वह करंट की चपेट में आने से झुलसकर गिर पड़ा। उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजन और आसपास के लोग हरकत में आए। मामला समझ में आने के साथ आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पीड़ित पक्ष ने कटघोरा थाने में इस मामले को लेकर सूचना दी है। पुलिस ने मर्ग कायम करने के साथ आगे कार्रवाई करने की बात कही है।

**असावधानी बरतने पर होती है घटनाएं**

करंट से मौत के मामलों में कई प्रकार के तथ्य सामने आते रहे हैं लेकिन मूल बात यही है कि लापरवाही इसमें सबसे बड़ा कारण होता है चाहे वह किसी पक्ष से क्यों न जुड़ा हो। बिजली कंपनी के द्वारा शहरी क्षेत्र में आपूर्ति वाली लाइन को कवर्ड किया गया है। यही काम ग्रामीण क्षेत्रों में भी हुआ है। कहीं-कहीं सर्विस लाइन के केबल में समस्याएं हैं और इसी की अनदेखी भारी पड़ जाती है।

# हाई व हायर सेकेंडरी स्कूलों में इस वर्ष भी लाइब्रेरी की नहीं मिल पाई सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूल में लाइब्रेरी की सुविधा को लेकर अभी भी कोई गंभीरता नहीं बरती गई है। स्थिति यह है कि किसी भी स्कूल में लाइब्रेरी का संचालन नहीं शुरु हो सका है। स्थिति यह है कि रिक्त पदों पर भर्ती भी नहीं हो सकी है। जबकि जिला शिक्षा विभाग ने शासन को रिक्त पदों की जानकारी पूर्व में ही प्रेषित कर चुका है। हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों की संख्या जिले में 120 है और कहीं भी लाइब्रेरी की सुविधा नहीं है।

**खास बातें**

- रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया नहीं शुरू हुई
- शिक्षा विभाग ने भेजा था पदों के लिए प्रस्ताव

सर्व शिक्षा अभियान के तहत हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूल में खेल सामग्री का वितरण, कम्प्युटर की आपूर्ति जैसे कार्य डीएमएफ से हुए हैं किंतु शिक्षण व्यवस्था को लेकर प्रमुख माने जाने वाले लाइब्रेरी का संचालन किसी भी हायर सेकेंडरी में शुरु नहीं हो सका और न ही लाइब्रेरी शुरु करने हेतु किताबों की आपूर्ति की गई। जबकि सर्व शिक्षा अभियान के तहत जिनमें 72 हायर सेकेंडरी स्कूलों का संचालन हो रहा है और दोनों ही कक्षाओं में लाइब्रेरी के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल की निर्देश है। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत जिले में लाइब्रेरी संचालन को लेकर स्थानीय स्तर पर स्कूल प्रबंधन ने भी कोई व्यवस्था नहीं की है। सिलेबस के अलावा कोर्स से संबंधित अन्य किताबें की व्यवस्था छात्रों को अपने स्तर पर करनी पड़ रही है। किताबों की आपूर्ति साडा कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में वर्ष 2023 के जुलाई माह में की गई थी लेकिन वह किताबें भी सिलेबस की बाहर की हैं जिनसे कोर्स से संबंधित जानकारी और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के संबंध में कोई भी सहायता विभाग के द्वारा भेजी गई इन किताबों से नहीं मिल रही है। साडा कन्या स्कूल में भेजी गई किताबें अभी भी पैकेट में रखी हुई है उनका उपयोग ही नहीं हो सका है। इसके अलावा अन्य स्कूलों में किताबों की सप्लाई नहीं हुई है।

**पीटीआई की हुई भर्ती**

स्कूलों में पीटीआई के रिक्त पदों पर भर्ती की गई है। किंतु लाइब्रेरी के रिक्त पदों के लिए शिक्षा विभाग से जानकारी लेने के बाद भर्ती प्रक्रिया की शुरुआत ही नहीं हो सकी। जबकि वर्ष 2019 में लाइब्रेरी के लिए ग्रंथपाल पद की भर्ती निकली थी किंतु भर्ती प्रक्रिया शुरु नहीं हो सकी। जबकि जिले से कई शिक्षित बेरोजगारों ने अपने आवेदन दिए थे। लाइब्रेरी लेकर निजी स्कूलों में पढ़ाने वाले कई शिक्षित बेरोजगार युवक शासन के उम्र के शर्त को पार कर चुके हैं ऐसे में उनके सामने अब लाइब्रेरी की डिग्री लेने का कोई औचित्य नहीं रह गया।

# थार ने बाइक को मारी टक्कर, ट्रेलर के नीचे आने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा-कोरबा रोड पर जेन्जरा के समीप एक मोटर सायकल सवार को एक तेज रफ्तार थार वाहन के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए अपनी चपेट में ले लिया।

इस हादसे में बाइक सवार एक युवक की ट्रेलर के नीचे आने से मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले में अपराध पंजीबद्ध कर दुर्घटनाकारित थार चालक की तलाश शुरु कर दी है। कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत जेंजरा के समीप गोड़मा नाला पर सोमवार की सुबह लगभग 11:30 बजे एक मोटर सायकल सवार को तेज रफ्तार थार वाहन ने जोरदार टक्कर मारी जिससे बाइक सवार विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार ट्रेलर के चक्के के नीचे आ गया। इस हादसे में एनटीपीसी निवासी दिनेश कुमार राव बाइक चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई तो वही बाइक में सवार संतराम राव गंभीर रूप से घायल हो गया तथा 6 वर्षीय एक बच्ची को भी मामूली चोट आई। हादसे के बाद दुर्घटनाकारित थार वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

### उद्योग मंत्री की घोषणा, सीजी बोर्ड के टॉपर्स को दी जाएगी दो–दो लाख प्रोत्साहन राशि

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने बोर्ड की 10 वी और 12वी में मेधावी छात्र छात्राओं को वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने फोन कर उज्वल भविष्य की शुभकामनाए और बधाई दी। छत्तीसगढ़ भवन एव अन्य सनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चे जो माध्यामिक शिक्षा बोर्ड के 10 वी और 12वी में टॉप मेरिट सूची में शामिल हुए है। ऐसे श्रमिकों के प्रत्येक बच्चो को मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी छात्र छात्रा शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत 1 लाख नगद राशि व 1 लाख दो पहिया वाहन क्रय किए जाने हेतु 2 लाख रुपए का चेक वितरण किया जाएगा। वहीं इस सूची में 10 छात्र-छात्राएं ऐसे भी थी जिनके पालक श्रमिक हैं। ऐसे में अब उन छात्र-छात्राओं का प्रदेश सरकार की तरफ से सम्मान किया जाएगा।

# बगैर मुआवजा तोड़ा गया भवन



भवन तोड़ता जेसीबी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोगों के विरोध के बाद भी राजस्व विभाग के अधिकारियों ने कोरबा-चांपा एनएच पर स्थित एक भवन पर बुलडोजर चलवा दिया। जबकि अब तक इस भवन का मुआवजा भी नहीं मिला है। विभाग के इस एकतरफा कार्यवाही को लेकर स्थानीय लोगों ने राजस्व अधिकारियों और एनएच के अधिकारियों की मिलीभगत का आरोप लगाया है। ज्ञात हो कि चाम्पा से कटघोरा मार्ग पर एनएच 149 बी का निर्माण कार्य चल रहा है। कार्य लगभग समाप्ति की ओर है परंतु कुछ जगहों पर प्रशासन की कमजोरी की वजह से मुआवजा नहीं मिलने के कारण कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है। ऐसे ही कुछ प्रकरण बरपाली में भी लंबित है। जहां क्षेत्र के लोगों ने बरपाली बस स्टैंड में एक भवन बनाया है जिसका मुआवजा भी अभी तक लंबित है।

# ऑपरेटरों एवं कर्मचारियों को अतिरिक्त लाभ यथावत रखने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



गेवरा परियोजना में खनन की शुरूवात 5-10 एमटी से हुई थी, तब के समय में कर्मचारी साथियों को अतिरिक्त लाभ दिया जाता था परंतु आज के समय गेवरा परियोजना 65-70 एमटी का उत्पादन की ओर अग्रसर हैं इसके बावजूद कर्मचारी साथियों को मिल रहे सुविधाओं में निरंतर प्रबंधन द्वारा कटौती की जा रही है।

वर्तमान समय में गेवरा की स्थिति ऐसी है कि कर्मचारी को प्रदुषण, पानी, बिजली, साफ-सफाई हर जगह के लिए जद्दोजहद कर रहें है। फिर भी कर्मचारियों द्वारा कर्मचारी साथीगण पूरी निष्ठा के साथ उत्पादन एवं उत्पादकता में डटे रहे हैं, यहां तक की कोरोना जैसी महामारी में भी कोयलाकर्मी अपने कार्यों का निवर्हन पूरी निष्ठा एवं जवाबदारी के साथ किये हैं। एसईसीएल गेवरा क्षेत्र में संचालित विशेष 150 टन के ऑपरेटरों द्वारा 11 फरवरी 2021 को सामूहिक हड़ताल किये जाने पर समझौते के तहत प्रबंधन के द्वारा आश्वासन दिया गया था कि प्रोडक्शन होने के बाद 240 टन ऑपरेटरों को सुविधा दी जा रही है, वैसे ही सुविधा दी जायेगी। जो ऑपरेटरों के मन में भेदभाव है उसे दूर किया जायेगा। उसी वर्ष उत्पादन कोयला का 50 एमटी हुआ बड़े खेद के साथ कहना पड़ रहा है प्रबंधन उक्त विषय को लेकर टाल-मटोल का रवैया अपना रही है जिससे ऑपरेटरों में रोष व्याप्त हो गया है। इस वर्ष भी 59.1 एमटी, 150 टन एवं 240 टन ऑपरेटरों एवं सभी शावेल ऑपरेटरों व डोजर, ड्रील, ग्रेडर ऑपरेटरों के द्वारा कोयला उत्पादन प्राप्त किये, इसका खामियाजा के रूप में सभी ऑपरेटर एवं कर्मचारियों की सारी सुविधाएं बंद कर दिया गया है।

# कलेक्टर ने सीजीबोर्ड में मेरिट में आने वाले विद्यार्थियों का किया सम्मान


हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



मेरिट छात्र छात्राओं को सम्मानित करते कलेक्टर।

माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा घोषित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा परिणाम में राज्य में मेरिट आने वाले तथा जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को कलेक्टर अजीत वसंत, जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा, निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगई ने सम्मान किया।

उन्होंने हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में राज्य में पांचवा तथा जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा गामिनी कुमारी कंवर अंक प्रतिशत 98 एवं राज्य में दसवां स्थान तथा जिले में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली कृतिका कुमारी कंवर, हायर सेकेण्डरी स्कूल परीक्षा में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राज्य में पांचवा और जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र शुभ अग्रवाल को टैबलेट, पेन और किताबें प्रदान कर शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया और मिठाई खिलाकर बधाई दी। कलेक्टर श्री वसंत ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षा के प्रति जागरूक होकर आगे भी इसी तरह सफलता अर्जित करें और जो लक्ष्य है उसे प्राप्त करें। उन्होंने सफलता और व्यक्तित्व विकास के लिये प्रतियोगिता को महत्वपूर्ण बताते हुए सभी प्रतियोगिताओं के लिए अच्छे से तैयारी करने कहा। उन्होंने विद्यार्थियों के पालकों तथा शिक्षकों के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें भी सम्मानित किया।




# राम पोथिनेनी-संजय दत्त की फिल्म का नया पोस्टर जारी

**मुंबई।** संजय दत्त और राम पोथिनेनी की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'डबल आईस्मार्ट' इस साल सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। दर्शकों को बेसब्री से फिल्म के रिलीज होने का इंतजार है। कुछ समय पहले फिल्म की शूटिंग से जुड़ी कुछ जानकारियां सामने आई हैं। वहीं अब फिल्म के निर्माता इसका टीजर रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। 'डबल आईस्मार्ट' के जरिए निर्देशक पुरी जगन्नाध और अभिनेता राम पोथिनेनी दूसरी बार साथ काम कर रहे हैं। फिल्म में संजय दत्त महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। वहीं अब निर्माता फिल्म का टीजर रिलीज करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। निर्माताओं ने घोषणा की है कि फिल्म का टीजर 15 मई को लॉन्च किया जाएगा।

## लाइफ Style



# ऋचा
## 'लज्जो' को लेना पड़ा था शराब का सहारा

एजेंसी ⏭ मुंबई

'हीरामंडी: द डायमंड बाजार' से ऋचा चड्ढा ने वेब सीरीज में डेब्यू किया है। कम स्क्रीन टाइम के बावजूद ऋचा चड्ढा के अभिनय की खूब तारीफ हो रही है। उन्होंने लाजवंती (लज्जो) के किरदार ने काफी प्रशंसा हासिल की है।


खासकर उनके शराबी डांस सीक्वेंस ने दर्शकों का काफी प्रभावित किया है। अभिनेत्री ने हाल ही में साझा किया कि दृश्य को बेहतर बनाने के लिए संघर्ष करने के बाद उन्होंने शराब का सहारा लिया था। पहले दिन, मुझे नशे में नाचने का मौका नहीं मिल रहा था। तो 30-40 टेक के बाद, मैंने सोचा कि मुझे एक क्वार्टर लेने दो और देखो क्या होता है। मेरे पास कुछ शराब थी। ऋचा ने आगे कहा, "मैंने थोड़ी सी शराब पी, लेकिन इससे हालात और खराब हो गए। मैं अपने शरीर में सुस्ती नहीं चाहती थी, मैं इसमें कुछ कमी भी नहीं चाहती थी। शायद कुछ स्टेप्स आगे पीछे हो सकते थे, लेकिन मैं अपनी चाल-ढाल में बदलाव नहीं कर सकती थी क्योंकि यह डांस लज्जो की भावनाओं को भी व्यक्त कर रहा था। इसलिए इसे मंजूरी मिलने में भले ही समय लगा, लेकिन इसके लिए मैंने बहुत मेहनत की थी। उन्होंने आगे कहा, यह एक तकनीकी काम है, चाहे मैं कितना भी डांस कर लूं, मेरी ड्रेस इतनी भारी थी कि मुझे उस निशान को छूना था और बातचीत करनी था। ऐसा करना मेरे लिए मजेदार था। बता दें कि इस सीरीज में सोनाक्षी सिन्हा, मनीषा कोइराला, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख, शर्मिन सहगल, अदिति राव हैदरी, ताहा शाह बदुशाह, शेखर सुमन और अध्ययन सुमन जैसे कई सितारे अहम भूमिका में नजर आए हैं।

## हॉलीवुड मसाला




# मशहूर निर्देशक रोजर नहीं रहे

**लॉस एंजिलिस।** 70 से अधिक फिल्मों का निर्देशन कर चुके दिग्गज फिल्मकार रोजर कॉर्मन का निधन हो गया। वे 98 साल के थे। अपने फिल्मी करियर में उन्होंने 300 से अधिक फिल्मों का निर्माण भी किया था। उन्हें साल 1959 की फिल्म द वास्प वुमन और 1960 की द लिटिल शॉप ऑफ हॉरर्स जैसी फिल्मों जाना जाता है। 9 मई को सैंटा मोनिका में अपने घर पर उन्होंने अंतिम सांस ली। कॉर्मन की बेटी कैथरीन कॉर्मन ने एक बयान में कहा, 'वे खुले दिल वाले उदार और लोगों के प्रति दयालु थे।'



# लंगूरों ने दुनियाभर में मचाया धमाल...

**लॉस एंजिलिस।** डिज्नी और ट्वेंटिएथ सेंचुरी की नवीनतम फिल्म 'किंगडम ऑफ द प्लैनेट ऑफ द एप्स' ने गर्मियों की छुट्टियां गुलजार कर दी हैं। फिल्म ने रिलीज के पहले सप्ताहांत में करीब 1078 करोड़ रुपए की कमाई करके डिज्नी की बांछें खिला दी हैं। फिल्म ने अमेरिका के घरेलू बॉक्स ऑफिस से बेहतर कारोबार दुनिया के दूसरे देशों में किया है। फिल्म ने अमेरिका में करीब 5.65 करोड़ डॉलर यानी कि करीब 472 करोड़ रुपए की कमाई की है लेकिन फिल्म का ओवरसीज कलेक्शन इससे कहीं ज्यादा शानदार रहा। फिल्म ने अमेरिका के अलावा दूसरे देशों में करीब 606 करोड़ रुपए की कमाई की है।



# 'हीरामंडी' के लिए देने पड़े थे 16 ऑडिशन

**नई दिल्ली।** संजय लीला भंसाली की 'हीरामंडी' के ओटीटी पर रिलीज होने के बाद से बॉलीवुड अभिनेत्री शर्मिन सहगल को भारी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। दर्शकों ने शो में अन्य अभिनेत्रियों के बराबर नहीं होने के लिए उनकी आलोचना की। अब शर्मिन ने खुलासा किया है कि 'हीरामंडी' में आलमजेब की भूमिका पाने के लिए उन्हें 16 बार ऑडिशन देना पड़ा था। सोशल मीडिया पर लोगों ने शर्मिन पर नेपोटिज्म का टैग लगाया और कहा कि यह किरदार उन्हें भंसाली की भांजी होने की वजह से मिला है। हालांकि, अभिनेत्री ने खुलासा करते हुए कहा कि उन्हें अपने मामा से किसी भी प्रकार की मेहरबानी या छूट नहीं मिली, और यह भूमिका पाने के लिए उन्हें बाकी सभी लोगों की तरह ही कड़ी मेहनत करनी पड़ी थी।



# जूनियर एनटीआर ने पूरी की वॉर 2 की शूटिंग

**मुंबई।** साउथ के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर ने आगामी फिल्म 'वॉर 2' की शूटिंग पूरी कर ली है। काफी वक्त से अभिनेता इस फिल्म की शूटिंग के सिलसिले में मुंबई में थे। पहला शेड्यूल पूरा करने के बाद वे मुंबई से हैदराबाद लौट गए हैं। जूनियर एनटीआर फिल्म 'वॉर 2' में ऋतिक रोशन के साथ नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन अयान मुखर्जी कर रहे हैं। ऋतिक और जूनियर एनटीआर की फिल्म अगले साल रिलीज होगी। फिलहाल फिल्म से जुड़ी पूरी स्टारकास्ट और इसकी रिलीज डेट के एलान का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। यह फिल्म वर्ष 2019 में आई एक्शन थ्रिलर फिल्म 'वॉर' का सीक्वल है, जिसमें ऋतिक रोशन, टाइगर श्रॉफ और वाणी कपूर मुख्य भूमिकाओं में नजर आए थे। आगामी 20 मई को 'वॉर 2' का पोस्टर या टीजर जारी हो सकता है।

## टीवी मसाला

# 3 फुट के अब्दू रोजिक की 7 जुलाई को यूएई में होगी शादी

**नई दिल्ली।** 3 फुट की हाइट वाले 'छोटे भाईजान' यानी अब्दू रोजिक की उम्र सिर्फ 20 साल है और उनकी होने वाली वाइफ 19 साल की हैं, जिसके साथ अब्दू निकाह करने के लिए एकदम तैयार हैं। अब्दू ने अपनी सगाई की फोटोज शेयर करने के साथ ही फैंस के साथ अपनी शादी की तारीख का भी ऐलान कर दिया है। अब्दू रोजिक 7 जुलाई को यूएई में अमीरा के साथ शादी के बंधन में बंधेंगे। दोनों की मुलाकात हुई और नैन ऐसे लड़े कि दोनों दिल खो बैठे। अब्दू रोजिक ने एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि उन्हें अपने जीवन का प्यार मिल गया है और वह शादी के बंधन में बंधने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अब्दू 19 साल की अमीरा से शादी कर रहा हैं, जो 'शारजाह की एक अमीराती लड़की' है। रिपोर्ट के मुताबिक, अब्दू की अमीरा से मुलाकात इसी साल फरवरी में दुबई मॉल के सिप्रियानी डॉल्सी में हुई थी। अब्दू ने बताया कि 'मैं इस प्यार से ज्यादा कीमती किसी चीज की कल्पना नहीं कर सकता। मैं जीवन में अपनी नई यात्रा शुरू करने के लिए इंतजार नहीं कर सकता।



## बिग बॉस ओटीटी 3 होस्ट नहीं करेंगे

**मुंबई।** पिछले काफी दिनों से 'बिग बॉस ओटीटी 3' के लिए फैंस काफी उत्साहित हैं। वह इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि यह कब शुरू होगा। पहले खबर आई थी कि यह इस साल नहीं आएगा, लेकिन बाद में मालूम हुआ कि जून के पहले हफ्ते से इसका प्रीमियर होगा। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस बार का 'बिग बॉस ओटीटी 3' सलमान खान होस्ट नहीं कर रहे हैं। सलमान खान के पास डेट्स की दिक्कत है। काम ज्यादा है और इस वजह से डेट्स की दिक्कत हो रही है। शो के मेकर्स अब अभिनेता के रिप्लेसमेंट की तलाश कर रहे हैं। तीन नाम मिले हैं, जिसमें करण जौहर, संजय दत्त और अनिल कपूर शामिल हैं। इन तीनों नामों को शो के लिए अप्रोच किया गया है। हालांकि, अभी तक किसी भी एक नाम पर मुहर नहीं लगी है।



# ओटीटी पर कॉमेडी-क्राइम से भरपूर होगा यह हफ्ता

**मुंबई।** दर्शकों को सिनेमाघरों से ज्यादा अब घर में बैठकर फिल्म और वेब सीरीज देखना पसंद आता है। यही वजह है कि दर्शक ओटीटी पर नई फिल्में और वेब सीरीज रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार करते हैं। मई का तीसरा हफ्ता भी दर्शकों के लिए बेहद मनोरंजक होने वाला है। इस हफ्ते भी कई धमाकेदार फिल्में ओटीटी पर आने वाली हैं

**गॉडजिला x कॉन्ग द न्यू एम्पायर :** 'गॉडजिला x कॉन्ग द न्यू एम्पायर' गॉडजिला और सर्वशक्तिमान कॉन्ग के इर्द-गिर्द घूमती है, क्योंकि उन्हें एक ऐसे खतरे का सामना करना पड़ता है, जो मानव जाति के अस्तित्व और अस्तित्व को चुनौती दे सकता है। एडम विंगार्ड द्वारा निर्देशित इस फिल्म में रेबेका हॉल, ब्रायन टायरी हेनरी, डैन स्टीवंस, कायली हॉटल, एलेक्स फर्न्स और फाला चेन हैं। यह फिल्म 13 मई को बुकमायशो पर रिलीज हुई।

**ब्रिजर्टन सीजन-3 :** 'ब्रिजर्टन सीजन 3' पेनेलोप फेदरिंगटन और कॉलिन ब्रिजर्टन की प्रेम कहानी पर केंद्रित होगी, जिसे पहले सीजन से ही दिखाया गया है। कॉलिन पेनेलोप को उसके लिए अपने प्यार का एहसास कराने के लिए एक पति ढूंढने में मदद करेगा। निकोला कफलान और ल्यूक न्यूटन इस तीसरे सीजन में मुख्य भूमिका निभाएंगे और पेनेलोप फेदरिंगटन और कॉलिन ब्रिजर्टन के रूप में अपनी भूमिका फिर से निभाएंगे। यह 16 मई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।




**बाहुबली क्राउन ऑफ ब्लड :** एसएस राजामौली की सीरीज 'बाहुबली क्राउन ऑफ ब्लड' बाहुबली फिल्म की घटनाओं से पहले की कहानी है और यह बाहुबली और भल्लालदेव पर केंद्रित होगी, क्योंकि वे माहिष्मती की रक्षा के लिए एक साथ लड़ते हैं। एनिमेटेड सीरीज 17 मई को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

**बस्तर द नक्सल स्टोरी :** 'बस्तर द नक्सल स्टोरी' छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में नक्सली-माओवादी विद्रोह पर आधारित है। फिल्म में अदा शर्मा, इंदिरा तिवारी, विजय कृष्णा, शिल्पा शुक्ला, यशपाल शर्मा, सुब्रत दत्ता और राइमा सेन मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म 17 मई को जी5 पर रिलीज होगी।

**मडगांव एक्सप्रेस :** 'मडगांव एक्सप्रेस' तीन बचपन के दोस्तों प्रतीक गांधी, दिव्येंदु और अविनाश तिवारी की यात्रा को दिखाती है, जो गोवा की यात्रा पर निकलते हैं। उनकी यह यात्रा पूरी तरह से पटरी से उतर जाती है। फिल्म में नोरा भी हैं। तीनों दोस्तों की यात्रा उनकी लिए तब मुसीबत बन जाती है, जब वे एक माफिया के चंगुल में फंस जाते हैं। यह सीरीज 17 मई को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

**जरा हटके जरा बचके :** विक्की कौशल और सारा अली खान की फिल्म 'जरा हटके जरा बचके' अपनी रिलीज के एक साल बाद ओटीटी डेब्यू के लिए तैयार है। रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा फिल्म सरकारी योजनाओं की पोल भी खोलती है। लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी यह फिल्म जियो सिनेमा पर 17 मई को दस्तक देगी।



# हंसिनी वाली चाल ने मचाया तहलका

नई दिल्ली। 'हीरामंडी' सीरीज की हर तरफ चर्चा है। संजय लीला भंसाली ने जो कमाल रचा है दर्शक उसकी तो तारीफ कर ही रहे हैं, लेकिन इन दिनों इस सीरीज की वजह से सबसे ज्यादा लाइमलाइट में अदिति राव हैदरी हैं, जो अपनी हंसगामिनी चाल की वजह से छाई हुई हैं। फेसबुक हो या इंस्टाग्राम 'हीरामंडी' से अदिति राव हैदरी का वीडियो वायरल हो रहा है। अभिनेत्री का यह सीन तब का है, जब वह मुजरा करती नजर आती हैं। वह झटककर हंसिनी सी चाल में चलती दिखी हैं। यूजर्स इस पर अदिति की तारीफ करते नहीं थक रहे। वहीं कुछ लोग इसे कॉपी बता रहे हैं। ऐसी ही चाल फिल्म 'मुगल-ए-आजम' में मधुबाला की थी।

## ज्यूरी में ये अभिनेत्रियां दिखा चुकी हैं दमखम

# कान फिल्म फेस्टिवल में पहली भारतीय फिल्म थी 'नीचा नगर'

***मुंबई।*** *हर साल धूमधाम से मनाया जाने वाला कान फिल्म फेस्टिवल इस साल 14 मई से 25 मई तक मनाया जाएगा। 1946 में जब कान की शुरुआत हुई थी तभी से भारतीय फिल्में वहां दिखाई जाने लगी थीं। कान में सबसे पहले भारतीय फिल्म 'नीचा नगर' दिखाई गई थी। इस फिल्म को 'ग्रांड प्रिक्स डू फेस्टिवल इंटरनेशनल डू फिल्म' के अवार्ड से नवाजा गया था। ग्रांड प्रिक्स कान फिल्म फेस्टिवल का एक पुरस्कार है, जो प्रतिस्पर्धी फीचर फिल्मों में से एक को फेस्टिवल की ज्यूरी द्वारा दिया जाता है। 1946 में आई फिल्म 'नीचा नगर' को निर्देशक चेतन आनंद ने निर्देशित किया था। इस फिल्म की कहानी के लेखक थे ख्वाजा अहमद अब्बास और हायातुल्लाह अंसारी। फिल्म के निर्माता थे राशिद अनवर। अभिनेत्री कामिनी कौशल ने इस फिल्म से अपना डेब्यू किया था। इस फिल्म के जरिए ही म्यूजिक डाइरेक्टर रवि शंकर ने भी बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया था।*

## भारतीय ज्यूरी में ये अभिनेत्रियां हो चुकी हैं शामिल

बॉलीवुड की सबसे खूबसूरत अदाकाराओं में गिनी जाने वाली ऐश्वर्या राय ने अपनी फिल्म 'देवदास' की विशेष स्क्रीनिंग के लिए शेखर कपूर के साथ साल 2002 में कान्स फेस्टिवल में डेब्यू किया था और साल 2003 में उन्होंने ज्यूरी में जगह बनाई थी। ऐश्वर्या के अलावा विद्या बालन ने साल 2013 में कान फिल्म फेस्टिवल में ज्यूरी सदस्य के रूप में काम किया था। भारत की दिग्गज अदाकारा शर्मिला टैगोर भी कान फेस्टिवल में ज्यूरी सदस्य के रूप में काम कर चुकी हैं। उन्हें साल 2009 में ज्यूरी सदस्ये के रूप में बुलाया गया था। बॉलीवुड अभिनेत्रियों के अलावा फिल्म निर्माता, मीरा नायर भी कान का हिस्सा रह चुकी हैं। उन्होंने साल 1990 में कान फिल्म फेस्टिवल के सदस्य के रूप में काम किया था।



### इस साल शामिल होंगे ये भारतीय चेहरे

बॉलीवुड भी 'कान फिल्म फेस्टिवल' की शोभा बढ़ाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। बॉलीवुड के कुछ मशहूर चेहरे इसमें शामिल होंगे, जिसमें ऐश्वर्या राय बच्चन, अदिति राव हैदरी, शोभिता धुलिपाला 'रेड कार्पेट' पर जलवे बिखेरती नजर आएंगी। बता दें कि इस वर्ष कई सारे डिजिटल क्रिएटर्स और इन्फ्लुएंसर भी 'कान फिल्म फेस्टिवल' में अपना पदार्पण करने जा रहे हैं। इसमें कुछ नए भारतीय चेहरे भी देखने को मिलेंगे। जिसमें, आरजे करिश्मा, नैन्सी त्यागी, निहारिका, अंकुश बहुगुणा और अन्य लोग शामिल हैं।

### ज्यूरी सदस्य

ज्यूरी सदस्यों का क्या काम होता है। बता दें कि कान फेस्टिवल दुनिया भर की फिल्मों का चार मुख्य और आधिकारिक श्रेणियों में प्रदर्शन होता है। जिसके बाद फिल्मों को अवार्ड के लिए चुना जाता है। इन कैटेगरीज में फिल्मों को चयनित करने के लिए ज्यूरी काफी पहले से काम करने लगती है। इस दौरान ज्यूरी द्वारा ही फिल्म को अवॉर्ड दिया जाता है।

## खबर संक्षेप



### आईएफएस में चयनित धर्मेंद्र को ओपी ने दी बधाई

**रायगढ।** जिले के जनपद तमनार के ग्राम मड़वाडुमर पोस्ट मिलूपारा निवासी धर्मेन्द्र पटेल का भारतीय वन सेवा के लिए चयन हुआ है। ऑल इंडिया लेवल पर 92 वां रैंक हासिल किया। रायगढ विधायक एवं प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने 11 मई को रायपुर निवास में धर्मेन्द्र पटेल से मुलाकात कर उनको इस सफलता के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की। धर्मेंद्र भारतीय वन सेवा परीक्षा में अपने तीसरे प्रयास में सफल हुए हैं। उन्होंने ओपी जिंदल इंस्टीट्यूट रायगढ़ से 2013 में बी ई किया है। 8 मई को घोषित भारतीय वन सेवा परीक्षा के परिणाम में धर्मेन्द्र पटेल ने ऑल इंडिया लेवल पर 92 रैंक हासिल किया है।

### तुर्की तालाब गार्डन का पुनर्निर्माण

**कटेली।** वासु जैन आईएएस अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सारंगढ़ के मार्गदर्शन में क्रेशर संघ के द्वारा तुर्की तालाब गार्डन का पुनर्निर्माण एवं सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू करवाया जा रहा है। जो कि सारंगढ़ के लिए एसडीएम के द्वारा एक सौगात होगी। क्योंकि सारंगढ़ जिला बनने के बाद वर्तमान में कोई भी ऐसा स्थान नहीं है जहां पर व्यक्ति स्वयं एवं परिवार के साथ सुबह या शाम वॉकिंग या समय व्यतीत कर सके। पूर्व में तुर्की तालाब गार्डन का कार्य बहुत अच्छा हुआ था जो एसडीएम राजेन्द्र गुप्ता की देन रही। समय के सैलाब में धीरे धीरे बिना रख रखाव एवं देखरेख के अभाव में यह जर्जर एवं गंदगी से सराबोर हो गया। कलेक्टर चौहान ने तालाब का सुध तो लिए लेकिन स्थानांतरण हो जाने के बाद साफ सफाई देखरेख कम हो गया। वर्तमान में जिस हिसाब से तालाब का सौंदर्यीकरण कार्य चल रहा है उससे यह माना जाएगा कि यह कार्य वासु जैन के द्वारा सारंगढ़ निवासियों के लिए एक उपहार है।

### नाबालिग से छेड़खानी आरोपी गया जेल

**रायगढ़।** पूंजीपथरा पुलिस ने नाबालिग बालिका से छेड़खानी करने वाले को शीलभंग और पॉक्सो एक्ट के अपराध में गिरफ्तार कर कोर्ट पेश कर जेल भेजा गया है। छेड़खानी की घटना को लेकर 11 मई को थाना पूंजीपथरा में धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र की महिला द्वारा रिपोर्ट दर्ज करायी कि अपनी दो बेटियों को गांव के किराना दुकान सामान खरीदने भेजी थी। कुछ देर बाद गांव की महिलाएं छोटी लडकी को लेकर घर आई और बताई कि रुपनाधाम प्लांट में काम करने वाला जितेंद्र बरेठ बाजार चौंक के पास गंदी नियत से बालिका के साथ छेड़खानी कर रहा था। बालिका की मां के रिपोर्ट पर थाना पूंजीपथरा में आरोपी पर धारा 354, 354(क) आईपीसी 8 पाक्सो एक्ट का अपराध कायम कर आरोपी जितेंद्र कुमार बरेठ पिता भगत राम बरेठ उम्र 25 साल निवासी महुआभांठा थाना सारागांव जिला जांजगीर चांपा हाल मुकाम रुकनाधाम सराईपाली को कल गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में पेश किया गया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## बरमकेला के ग्रामीणों को गर्मी में नहीं मिल रहा जल मिशन का लाभ

# भीषण गर्मी में हांफने लगे आधा दर्जन हैण्डपंप, गांव में पानी की विकट समस्या


जल मिशन अंतर्गत निर्मित पानी टंकी।


पानी भरने के लिए हैण्डपंप के पास जमा जलपात्र।


दुर्गम रास्ते से होकर पानी भर के लौटती गांव की महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

एक तरफ जहां गर्मी का पारा लगातार बढ रहा है और न्यूनतम तापमान भी 30 डिग्री के उपर जा पहुंचा है ऐसे में ग्रामीण अंचल में पानी की समस्या ग्रामीणों के लिए बडी परेशानी बन गई। आलम यह है कि प्यास बुझाने के लिए ग्रामीणों को कडी धूप में लंबी दूरी तय कर पीने के पानी का प्रबंध करना पड रहा है। ऐसे ही सारंगढ़ जिले के बरमकेला ब्लॉक मुख्यालय से लगभग 22 किलोमीटर की दूरी पर स्थित रंगाडीह गांव में ग्रामीण बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं।

लगभग 500 की जनसंख्या वाले इस गांव में वैसे तो कागजों में शासन की ओर से 5 से 6 हैंड पंप और एक ट्यूबवेल है। उल्लेखनीय है कि करीब तीन महीने पहले नल जल योजना के तहत घर घर पानी देने के लिए 4 हजार लीटर क्षमता की पानी टंकी भी बनवाई गई है लेकिन पानी का जल स्तर गिरने की वजह से हैंड पंपों से जहां पानी की जगह सिर्फ हवा निकल रही है। वहीं बोर पंप का मोटर जलने की वजह से टंकी में पानी तक नहीं भरा जा पा रहा है। इससे ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। अब प्यास बुझाने के लिए ग्रामीण गांव के किसानों के निजी बोर पर आश्रित हैं लेकिन इसके लिए लगभग आधे से एक किलोमीटर तक खेत खलिहानों के पगडंडी रास्तों से सफर करना पड़ रहा है।

छोटे छोटे मासूम बच्चे साइकिल में बाल्टी व डब्बे में पानी भर कर ला रहे हैं। ऐसी स्थिति हर साल बनती है। इसके बाद भी प्रशासन पेयजल समस्या का समाधान नहीं खोज सका है। गांव में स्थिति के लिए ग्राम पंचायत के साथ पीएचई विभाग के जिम्मेदार लोग हैं। पानी की समस्या को दूर करने के लिए हर साल यहां हैंड पंप खनन कराया जाता है, लेकिन गर्मी के दिनों की बजाय बारिश के मौसम में पीएचई के लोग पंप खनन करने पहुंचते हैं।

### 600 फीट नीचे गया पानी

बारिश में जल स्तर ऊपर आ जाने की वजह से पानी 200 से 300 फीट के अंदर पानी मिल जाता है। जबकि गर्मी के दिनों में यह जलस्तर 600 फीट तक नीचे चला जाता है। इसकी वजह से पंप पानी की जगह गर्मी में आग उगलते हैं। अगर गर्मी के दिनों में ही पंप खनन किया जाता तो ज्यादा गहराई में खोदाई करनी पड़ती और पानी का जल स्तर नीचे नहीं जाता। इससे गांव में पेयजल संकट दूर किया जा सकता, लेकिन ऐसा पीएचई के अफसर नहीं करते।

### जलस्तर की करेंगे जांच

गांव में जलस्तर घटने की जानकारी नहीं है ऐसा नहीं होना चाहिए यदि कोई तकनीकी दिक्कत होगी तो जांच कर दुरूस्त करने का प्रयास किया जाएगा।

केआर सूर्यवंशी, इंजीनियर, पीएचई सारंगढ



## मूलभूत सुविधाओं से वंचित सारंगढ़ का खर्री छोटे वार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटेली

जिला सारंगढ़ से 9 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत खर्री छोटे के वार्ड क्र.01 तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। वार्ड क्र.एक कोतमरा के समीप नहर पार में स्थित है। वार्ड वासी शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं से वंचित हो रहे हैं, मूलभूत सुविधा नहीं मिल रहा है वार्ड क्र 01 के निवासी तीन किलोमीटर की दूरी तय कर ग्राम पंचायत भवन जन्म मृत्यु पंजीयन अन्य कार्य के लिए जाते हैं मतदान के लिए तीन किलोमीटर की दूरी तय करना होता हैएग्राम पंचायत खर्री छोटे के वार्ड क्र एक से लगातार दो जनपद सदस्य निर्वाचित हुए हैं। लेकिन विकास को लेकर पूर्व जनपद सदस्य उमारीन बोध राम ने अपने वार्ड के लिए कोई विकास कार्य नहीं किया है अपने जेब भरने का काम किया है आज वार्ड वासी एक एक बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं नलकूप बंद पड़े हैं पानी बिजली सड़क स्वास्थ्य एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से 200 की जनसंख्या वाला मोहल्ला वंछित है। सूत्रों की माने तो विधायक मत से एक बोर खनन पंप की स्थापना की गई है जिसे पूर्व जनपद सदस्य के हितैषी रसूखदार ने निजीकरण कर लिया है। पानी की समस्या को देखते हुए मोहल्ले के उचित स्थान में विधायक ने बोर खनन पंप की स्थापना करने की स्वीकृति प्रदान की थी जिसे मोहल्ले वासी के जानकारी के बगैर गोपनीय रूप से नाला के किनारे पुलिया के पास कोतमरा की सीमा में खनन कर पंप स्थापना किया गया है। पानी की किल्लत होने पर मोहल्ले में चर्चा का विषय बना हुआ है वार्ड वासी जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधित्व को देखते हुए बहुत नराज नजर आ रहे है। ग्राम पंचायत खर्री छोटे के वार्ड क्र. 01 में दो जनपद सदस्य लगातार निर्वाचित होने के बाद भी वार्ड में कोई विकास नहीं हुआ है वर्तमान जनपद सदस्य नोनी बाई रामायण सिंह ने बोर खनन पंप की स्थापना की है। वर्तमान सरपंच की उदासीनता साफ नजर आ रही है गहरी नींद में सोए हुए हैं। जो केवल चुनाव के वक्त जागते है।

## राधेश्याम के जन्मदिन पर बधाई देने लगा शुभचिंतकों का तांता

हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार



रायगढ़ जिले के आदिवासी बाहुल्य जनपद घरघोड़ा के कुरकुट नदी के गोद में बसे ग्राम छर्राटांगर के आदिवासी मृदुभाषी लोकप्रिय भाजपा नेता एवं रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा समर्थित सांसद प्रत्याशी राधेश्याम राठिया की 12 मई रविवार को 52 वीं जन्म दिवस पर सुबह से रात तक रायगढ़ सांसदीय क्षेत्र से भाजपाइयो ईष्टमित्र गणो का बधाई देने तांता लगा रहा।

सर्वप्रथम राधेश्याम राठिया ने धर्मपत्नी निद्रावती के साथ अपने निवास छर्राटांगर में ईष्टदेव की पूजा अर्चना कर अपने माता तिलकुंवर राठिया का आशीर्वाद लिया। राधेश्याम राठिया को 52 वीं जन्म दिवस पुष्पगुच्छ, बुके केक काटकर मीठा खिलाकर हार्दिक बधाईयां देते स्वस्थ दीर्धायु जीवन की उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामनाएं की गई। बधाई देने वालो में सकील अहमद, अहमद, अरुणधर दिवान,सतीश चन्द बेहरा,पूर्व मंत्री सत्यानन्द राठिया, टीका राम पटेल, सहनु राम पैकरा, डॉ राजेश पटेल, सुनील ठाकुर, हरिश्चंद्र राठिया, महेश जेनानी, भोगेश्वर बेहरा, भरत साहू, शशि पटेल, अनिल पांडेय, शिशुपाल गुप्ता, राशि बाई सहित रायगढ़ संसदीय क्षेत्र के सैकड़ों भाजपाइयो द्वारा बधाइयां दी गई। लोकसभा चुनाव के बाद अपने प्रशसंकों से शुभकामनाएं स्वीकार कर रहे हैं।

### युवा व्यावसायी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**रायगढ।** सोमवार सुबह बेलादुला मोहल्ले में उस समय सनसनी फैल गईए जब रायगढ़ स्टेडियम के पीछे श्रीराम नगर में रहने वाले नुकेश देवांगन आत्मज हेमप्रसाद 32 वर्ष की लाश उसके घर के बरामदे में फांसी के फंदे पर संदिग्ध परिस्थितियों में लटकती मिली। चूंकि नुकेश अपने मोहल्ले में ही मन्दिर के पास परचून की दुकान लगाया करता था इसलिए उसकी खुदकुशी की खबर लगते ही भीड़ लग गई। पूछताछ में पता चला कि करीब 2 साल पहले मां की मौत होने के बाद से नुकेश सदमे से उबर नहीं पाया था और वह दुखी रहता था। बताया यह भी जाता है कि घर के किसी सदस्य से विवाद होने से क्षणिक आवेश में आकर नुकेश ने ऐसा आत्मघाती कदम उठाया है। पुलिस ने प्रकरण विवेचना में ले लिया है।

## माल भाड़ा निर्धारण के संबंध में तमनार में टेलर मालिक संघ की बैठक



**रायगढ।** जिले के ब्लॉक तमनार में 13 मई को साहू सदन में तमनार टेलर मालिक संघ की बैठक आयोजित की गई। जिसमें माल भाडे से संबंधित विषय पर चर्चा कर आपसी सहमति बनाते हुए भाडे में वृद्धि करने की जरुरत व्यक्त की गई।

बैठक में गठन पश्चात सीएसपीजीसीएल अदानी माइंस के द्वारा रुपेश पटेल के गाड़ियों को बंद के विषय में चर्चा हुआ जिसमें विगत रात्रि को ट्रांसपोर्टर अजय पांडेय द्वारा जो बंद किया गया गाड़ी रुपेश पटेल के उसके गाड़ियों को निसर्त परिचालन करने हेतु आदेश दिया गया जिस पर तमनार यूनियन द्वारा आज होने वाला आंदोलन को स्थगित किया गया। बैठक में के सीएसपीजीसीएल अदानी के भाड़ा संबंधित चर्चा हुई जिसमें सीएसपीजीसीएल से घरघोड़ा 287 रुपए प्रतिटन तथा सीएसपीजीसीएल से राबर्टसन 452 रुपए प्रतिटन बिना कोई शर्त डिगनेसन के लेने हेतु सहमति बनी परिवहन के 15 कार्य दिवस के भी भीतर भुगतान ट्रांसपोर्टर द्वारा करने हेतु निर्णय लिया गया। गारे पेलमा 4/6 व 4/1,2,3 से डीसीपी, जेपीएल का भाड़ा 150 प्रति टन करने हेतु निर्णय लिया गया जिसके लिए 14 5.2024 को 10 बजे सुबह जिंदल प्रबंधन एवं ट्रांसपोर्टरों को ज्ञापन देकर सा दिन कार्य दिवस का समय दिया जाएगा। तमनार क्षेत्र के सभी माइंसों तथा प्लांटों में तमनार यूनियन के गाड़ियों के लिए अलग से लाइन की व्यवस्था कर लोडिंग-अनलोडिंग हेतु निर्णय लिया गया। एक सप्ताह के भीतर यूनियन के गाड़ियों का लिस्ट जारी किया जाएगा तथा बचे हुए सदस्य सभी अपना गाड़ी यूनियन में रजिस्टर्ड करवाने हेतु निर्णय लिया गया। गाड़ियों के लिए स्टीकर बनाने हेतु निर्णय लिया गया एवं तमनार यूनियन को रजिस्टर करने हेतु भी चर्चा की गई।



## मारवाड़ी युवा मंच ने किया जल शरबत का वितरण

**चंद्रपुर।** मई जून का महीना भीषण गर्मी का होता है ऐसी चिलचिलाती धूप में रोजमर्रा के काम करने वाले लोग गर्मी से पस्त हो जाते है जहां दूर दूर तक पानी नही मिलता तब घड़े का शीतल जल और शरबत मिल जाए तो मन भी तृप्त हो जाता है। ऐसा ही कुछ काम हुआ चंद्रपुर मारवाड़ी युवा मंच की जागृति शाखा की सहयोग से सभी राहगीरों को गर्मी से राहत प्रदान करने हृदय स्थल भारत माता चौक में पीने का शीतल जल और शरबत वितरण का आयोजन किया गया। महिलाएं बच्चे बुजुर्ग सभी ने ठंडे पानी के साथ शरबत का भी आनंद लिया। इस आयोजन में जागृति शाखा के अध्यक्ष स्वीटी अग्रवाल, सचिव सुमन अग्रवाल, कोषाअध्यक्ष प्रिया अग्रवाल, पायल अग्रवाल, सोनिया अग्रवाल, खुशबू अग्रवाल का विशेष योगदान रहा।

### शिक्षक के घर चोरी, नकदी सहित हजारों का माल पार

**रायगढ़।** कालेज प्राध्यापक के मकान में दरवाजे तोडकर अज्ञात चोरों ने एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, पेन कार्ड, 9500 रुपए नकद और धातु के बर्तन समेत हजारों रुपए का माल पार कर दिया। घटना सारंगढ थाना क्षेत्र के दानसरा की है। वारदात के वक्त शिक्षक व उसका परिवार घर पर ही सोया हुआ था। सिटी कोतवाली पुलिस सारंगढ़ ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 380,457 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रसन्न कुमार शर्मा पिता स्व. पुरुषोत्तम रथ शर्मा, शासकीय लोचन प्रसाद पाण्डेय महाविद्यालय सारंगढ में अतिथि प्रध्यापक के पद पर कार्य कर रहे है। उनका निज निवास ग्राम दानसरा में है। उन्होने बताया कि 09 मई की रात्रि करीब 02 से 04 बजे मध्य अपने परिवार के साथ सोये हुये थे ।

## सड़क निर्माण में लेटलतीफी, गुणवत्ता पर भी सवाल



**बरमकेला।** बरमकेला से से चंद्रपुर तक करोड़ो के लागत से सड़क का निर्माण किया जा रहा हैं लेकिन सड़क निर्माण में न सिर्फ अनेदखी की जा रही है बल्कि काफी लापरवाही भी बरती जा रही है। जिसके कारण यह मुश्किल प्रतीत हो रहा है की सड़क बरसात से पहले तक बन पायेगी भी की नहीं यह कह पाना मुश्किल हो रहा है। रोड को खोद कर उखाड़ तो दिया गया है परन्तु जिस गति से कार्य चल रहा है लग नही रहा की यह रोड का निर्माण बरसात के आने तक संभव हो पाएगा। यह जग जाहिर है की वर्षा ऋतु के आने से सड़क निर्माण का कार्य ठप हो जाता है और जो अर्धनिर्मित सड़क है वह राहगीरों के लिए और भी कठिनाई लाती है कुछ समय पहले मौसम के अचानक खराब होने के कारण से यह अर्ध निर्मित रोड बरमकेला क्षेत्र के लोगो के लिए परेशानी का विषय बन गया था। जिसमे आवाजाही पूर्ण रूप से प्रभावित हुई थी इसके साथ ही कई बड़े गाड़ियों के धसने एव कीचड मे फसने की घटना सामने आई थी इसके साथ ही कई छोटे मोटे एक्सीडेंट की घटना सामने आई थी 4-5 दिन की बारिश ने ही अर्ध निर्मित रोड की हालत पूरी तरह से खराब कर दी थी।

टैटू (गोदना) मिटाये
नई लेज़र तकनीक द्वारा
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

### पृष्ठ 1 का शेष

#### जल संरक्षण के ...

महत्वपूर्ण है। वर्षा जल का संग्रहण और भूजल स्तर को बढ़ाना जल की कमी को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, नगर पंचायत पत्थलगांव ने तालाबों के गहरीकरण का कार्य शुरू किया है। इस पहल के तहत, तालाबों की गाद निकाली जा रही है और उनकी गहराई बढ़ाई जा रही है। इससे बारिश के पानी का अधिक से अधिक संग्रहण हो सकेगा और भूजल स्तर को बढ़ाने में मदद मिलेगी। गर्मी के मौसम में पानी की कमी एक गंभीर समस्या है। इस समस्या से निपटने के लिए, हमने तालाबों के गहरीकरण का कार्य शुरू किया है। यह पहल न केवल जल की कमी को दूर करने में मदद करेगी, बल्कि भूजल स्तर को भी बढ़ाएगी।" उन्होंने नगरवासियों से आग्रह किया कि वे जल संरक्षण में अपना योगदान दें और पानी का सदुपयोग करें।

## बारात से लौट रही कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई, चार घायल



**रायगढ़।** बारात से वापस लौटने के दौरान एक आर्टिगा कार पेंड से टकरा गई, जिसमें सवार चार लोग घायल हो गए हैं। वहीं तीन लोगों को गंभीर चोट लगने से रायगढ़ रेफर किया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम घटगॉव से बारात से वापसी आते समय लैलूंगा रोड में अराईमुड़ा के पास सामने से एक तेज रफ्तार ट्रक आ रही थी। जिसे बचाने के चक्कर में अर्टिगा कार के चालक ने अनियंत्रित हो गया, जिससे कार पेड़ से जा टकराई है। उक्त घटना रविवार सुबह सुबह करीब 3 बजे के आसपास हुई है। उक्त घटना से कार में सवार चार लोग घायल हुए हैं।

घायलों में घरघोड़ा निवासी दिनेश कन्नौजिया, सुरेश ठाकुर, परीक्षित सिंह ठाकुर, जगदीश ठाकुर है। बताया जा रहा है कि दुर्घटना के दौरान कार का एयर बैग खुल गया, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। हालांकि तीन लोगों को गंभीर चोट लगने से घरघोड़ा अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रायगढ़ रेफर किया गया है। जहां उपचार के दौरान स्थिति में सुधार होना बताया जा रहा है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+ 5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
TODAY OFFER
50% Discount on One Way Taxi

| Raigarh To | Zest | Crysta | Today Offer |
| --- | --- | --- | --- |
| Jharsuguda Airport | 1499 | 2999 | 999 |
| Raipur Airport | 2999 | 4999 | 1499 |
| Bilaspur | 1999 | 2999 | 999 |

RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
Scan And Book
9926411411
*T&C Apply
RAIPUR : Near Raipur Airport , Mana Camp

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी।
समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक
डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)